समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप से मांगी माफी, कहा – "बात बहुत आगे बढ़ गई, मुझे पछतावा है".

Publisher Published on 11 Jun 2025



## सोशल मीडिया पर तीखे हमलों के बाद एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप से मांगी माफी, ट्रंप बोले- "मैनें मस्क की बहुत मदद की थी".

**वॉशिंगटन डीसी,अंतरराष्ट्रीय ब्यूरो : टेस्ला** और **स्पेसएक्स** के **सीईओ एलन मस्क** ने हाल ही में अमेरिका के पूर्व **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** से सोशल मीडिया पर हुई बयानबाजी को लेकर **माफी मांगी** है। मस्क और ट्रंप बीते कुछ समय से एक-दूसरे पर खुलकर निशाना साधते नजर आ रहे थे, लेकिन अब मस्क ने अपने रवैये पर पछतावा जताया है।

मस्क ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "मुझे पिछले हफ्ते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में की गई कुछ पोस्ट्स पर पछतावा है। बात बहुत आगे बढ़ गई थी और यह नहीं होना चाहिए था।"

मस्क बोले थे- "मेरे बिना ट्रंप चुनाव हार जाते"
पिछले सप्ताह मस्क ने ट्रंप पर तीखे हमले करते हुए दावा किया था, "अगर मैं न होता तो ट्रंप चुनाव हार जाते।"
इसके साथ ही मस्क ने ट्रंप पर कई गंभीर आरोप लगाए थे, जिससे मामला गरमा गया।

**ट्रंप की चेतावनी : सब्सिडी और कॉन्ट्रैक्ट्स रद्द करने की धमकी**
ट्रंप ने मस्क के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा: "मैं एलन मस्क से बहुत निराश हूं। मैंने उनकी काफी मदद की है — सब्सिडी से लेकर सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स तक। अगर ये रवैया जारी रहा, तो हम उनकी कंपनियों की समीक्षा कर सकते हैं।"

**अमेरिका मे विरोध प्रदर्शन और ट्रंप की सख्ती**

अमेरिका के **लॉस एंजिल्स** में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन भी इस मामले की पृष्ठभूमि में चर्चा का विषय बन गया। ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को "**दंगाई**" बताते हुए **2000 नेशनल गार्ड्स** तैनात किए। इसके साथ ही उन्होंने **कैलिफोर्निया** के गवर्नर और एलए मेयर से माफी मांगने को कहा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.